विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2023 के प्रथम गुरूवार के लिए निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारॉकित प्रश्न संख्या-09 का उत्तर:-

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 9(क) क्या आयुष मंत्री बतायेंगे कि आयुष विभाग द्वारा जनपद-सीतापुर में निर्धारित डाक्टर्स तैनात न होने से जन मानस को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है? | आयुष विभाग के अन्तर्गत प्रदेश में 03 निदेशालय (आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथिक) स्थापित हैं, जिनके सम्बन्ध में स्थिति निम्नवत है:-<br>आयुर्वेद- जनपद सीतापुर में 39 आयुर्वेद चिकित्सालय स्थापित है, जिसके सापेक्ष कुल 44 आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के पद सृजित है। वर्तमान में जनपद सीतापुर में कुल 32 आयुर्वेद चिकित्साधिकारी तैनात हैं। रिक्त् चिकित्सालयों पर समीपस्थ चिकित्सालयों के चिकित्साधिकारियों को सम्बद्ध कर जनमानस को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।<br>यूनानी- जनपद सीतापुर के अन्तर्गत 06 राजकीय यूनानी चिकित्सालय संचालित है। जिनमें 05 चिकित्सक लोक सेवा आयोग से चयनित होकर कार्यरत हैं एवं 01 चिकित्सक संविदा पर कार्य कर रहे हैं। सभी चिकित्सालयों में चिकित्सकीय कार्य सम्पादित हो रहा है एवं जनमानस को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है।<br>होम्योपैथिक- जनपद सीतापुर में संचालित कुल 35 राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों में होम्योपैथिक चिकित्साधिकारियों/वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्साधिकारियों के कुल 36 पद स्वीकृत हैं, जिनके सापेक्ष वर्तमान में 20 होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी /वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी कार्यरत हैं। शेष राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों में जनपद सीतापुर के चिकित्साधिकारियों को एकान्तर दिवस आदि पर सम्बद्ध कर कार्य सम्पादित कराया जा रहा है और जन मानस को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जा रहा है। |
| (ख) यदि हॉ, तो क्या जन मानस की स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्या के निदान हेतु आयुष डाक्टर्स की नियुक्ति करायेंगे? | आयुर्वेद- विभाग में रिक्त 611 आयुर्वेद चिकित्साधिकारियों की नियुक्ति हेतु अधियाचन लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश को प्रेषित किया गया है, जिसके क्रम में विज्ञापन की कार्यवाही सम्पन्न |

| | | |
|---|---|---|
| | | हो चुकी है। लोक सेवा आयोग से चयन की संस्तुति प्राप्त होने के उपरान्त शासन द्वारा नियुक्ति प्रदान करते हुए रिक्त आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के पदों पर तैनाती कर दी जायेगी। |
| | यूनानी- | प्रश्न नहीं उठता। |
| | होम्योपैथिक- | होम्योपैथिक चिकित्साधिकारियों के 54 पदों पर भर्ती हेतु उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा विज्ञापन प्रकाशित किया जा चुका है। तथा 240 पदों पर चयन हेतु आयोग को अधियाचन प्रेषित किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जिसमें उपरोक्त 16 रिक्तियाँ भी सम्मिलित हैं। |
| (ग) यदि हॉ, तो कब तक? | आयुर्वेद- | आयुर्वेद में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। |
| | यूनानी- | प्रश्न नहीं उठता। |
| | होम्योपैथिक- | होम्योपैथिक में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | आयुर्वेद- | प्रश्न नहीं उठता। |
| | यूनानी- | प्रश्न नहीं उठता। |
| | होम्योपैथिक- | प्रश्न नहीं उठता। |

डा0 दयाशंकर मिश्र 'दयालु'
राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
आयुष विभाग।